# डीएपी-यूरिया खाद की भारी किल्लत

- दिनभर लाइन में लगने के बाद भी हाथ खाली
- सैकड़ों की संख्या में जमा हो गए थे किसान
- पुलिस ने संभाला मोर्चा, 500 किसानों को वितरित खाद






**रायसेन, 13 अगस्त. किसानों को यूरिया, डीएपी खाद की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है.जिला विपणन विभाग की खाद गोदाम संजय नगर और कृषि उपज मंडी की एमपी एग्रो की खाद गोदाम पर किसान दो तीन बोरी खाद के लिए भटकने के लिए मजबूर हैं.**

जिलेभर के किसानों में खरीफ फसलों को लेकर डीएपी और यूरिया की मांग बढ़ गई है. लेकिन कई तहसीलों में डीएपी और यूरिया की भारी कमी देखी जा रही है. कुछ ऐसी ही स्थिति मंडी रायसेन के एमपी एग्रो की खाद गोदाम में भी मंगलवार को देखने को मिली. डीएपी और यूरिया खाद के लिए बड़ी संख्या में किसान पहुंच गए. वितरण केंद्र पर अफरा तरफरी भरा माहौल रहा.

बताया गया कि मंगलवार को नगर के कृषि मंडी की खाद गोदाम में 700 बैग डीएपी यूरिया सोडा लेकर एक ट्रक पहुंचा था. महत्वपूर्ण उर्वरकों की कमी के डर से किसानों की भीड़ उमड़ पड़ी. पुलिस को भी किसानों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मशक्कत करनी पड़ी. कोतवाली नगर निरीक्षक नरेंद्र गोयल ने किबिगड़ रही स्थिति को समझते हुए स्वयं मोर्चा संभाला और किसानों को कतार में रहकर उर्वरक प्राप्त करने के लिए कहा. दूसरी ओर किसानों ने उर्वरक आपूर्ति के बार-बार कुप्रबंधन पर नाराजगी व्यक्त किया और वरिष्ठ अधिकारियों से हस्तक्षेप की मांग की है.

> एमपी एग्रो रायसेन के प्रभारी अधिकारी मनोहर उइके ने बताया कि क्षेत्र के करीब आधा सैकड़ा से भी अधिक ग्रामों से किसान पहुंचे थे .700 बैग की डीएपी खाद रायसेन मंडी की गोदाम में पहुंचा था . इस कारण अव्यवस्था हुई . मंगलवार को करीब 500 बैग खाद का वितरण किया जा सका . शेष किसानों को आगामी दिनों में वितरण किया जाएगा . किसानों ने बताया कि गोदाम प्रभारी किसानों को मुंह देखकर खाद बांटा जा रहा है .बही खाते पर बीघा के हिसाब से खाद वितरित की जाती है .

**इनका कहना है . . .**

संजय नगर की खाद गोदाम पर जानकारी लगने पर अचानक से बड़ी संख्या में किसानों के पहुंचने से अव्यवस्था हुई . हालांकि यहां 500 बैग खाद का वितरण किया गया . शेष किसानों को भी खाद वितरित की जाएगी. गोदाम में खाद का पर्याप्त स्टॉक है .

**एके पुरोहित** गोदाम प्रभारी



# कलेक्टर-एसपी ने रिहर्सल में ली सलामी

- ध्वजारोहरण करेंगे प्रभारी मंत्री , लेंगे परेड की सलामी
- होमगार्ड परेड मैदान खरगावली पर होगा समारोह

**रायसेन, 13 अगस्त. जिले में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास और उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा.**

रायसेन में होमगार्ड परेड मैदान खरगावली पर आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस के गरिमामय समारोह में मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री एवं रायसेन जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार ध्वजारोहण करेंगे.

बुधवार को होमगार्ड परेड मैदान पर कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा, पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पाण्डे की उपस्थिति में स्वतंत्रता दिवस समारोह की फुल ड्रेस रिहर्सल की गई. इस दौरान उन्होंने स्वतंत्रता दिवस समारोह प्रारंभिक तैयारियों से लेकर अंतिम चरणों तक होने वाले सम्पूर्ण कार्यक्रमों की रूपरेखा देखी. उन्होंने इस दौरान व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक निर्देश भी दिए.

> रिहर्सल में मुख्य अतिथि के रूप में सहायक कलेक्टर कुलदीप पटेल द्वारा ध्वजारोहरण किया गयापरेड की ब सलामी ली गई . इस अवसर पर अपर कलेक्टर मनोज कुमार उपाध्याय तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे .

## आजादी के रंगों से सजा विद्यालय परिसर

**बच्चों ने बनाई आकर्षक रंगोलियां**

**सिलवानी.** आज़ादी का अमृत महोत्सव मनाने की तैयारी में पीएम श्री विद्यालय बम्होरी का परिसर बुधवार को रंग-बिरंगी रंगोलियों से निखर उठा. स्वतंत्रता दिवस से पहले बच्चों ने अपनी रचनात्मकता और देशभक्ति का अनूठा संगम प्रस्तुत किया. विद्यालय परिसर में बनाई गई रंगोलियों में तिरंगे की लहराती धारियां, बीच में अशोक चक्र स्वतंत्रता संग्राम के वीर योद्धाओं के प्रतीक और वंदे मातरम् जैसे संदेश उकेरे गए.

बच्चों ने अपनी मेहनत और कलात्मकता से हर रंगोली को खास बनाया, जिससे पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया. प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने बताया कि यह आयोजन न केवल विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने का माध्यम है बल्कि उनमें देश के प्रति गर्व और जिम्मेदारी की भावना जगाने का भी प्रयास है. विद्यालय परिवार ने इस मौके पर सभी को एकता और सौहार्द का संदेश भी दिया.



## छात्राओं ने पुलिसकर्मियों को बांधी राखी

**सिलवानी, 13 अगस्त. बुधवार को द संस्कार वैली स्कूल की छात्राओं ने सिलवानी थाने में पहुंचकर पुलिसकर्मियों के साथ रक्षा बंधन मनाया. कक्षा 6, 7 और 8 की छात्राओं ने शिक्षकों के मार्गदर्शन में थाने का भ्रमण किया और वहां मौजूद थाना प्रभारी, आरक्षकों एवं महिला पुलिसकर्मियों को तिलक लगाकर राखी बांधी और मिठाई खिलाई.**

थाने पहुंचने पर पुलिस स्टाफ ने छात्राओं को थाने के विभिन्न सेक्शन, पुलिस की कार्यप्रणाली, अपराध नियंत्रण की प्रक्रिया और कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी. छात्राओं ने भी उत्साहपूर्वक सवाल पूछे और पुलिसकर्मियों से सीधा संवाद किया.

एक छात्रा ने कहा हम उन पुलिसकर्मियों को राखी बांधने आए हैं, जो हमारी सुरक्षा के लिए दिन-रात तत्पर रहते हैं, अपराधियों को दंड दिलाते हैं और समाज में सुरक्षित वातावरण बनाए रखते हैं. थाना प्रभारी पूनम सविता ने छात्राओं के इस स्नेहपूर्ण सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अवसर पुलिस और नागरिकों के बीच आपसी विश्वास और सहयोग को मजबूत करते हैं. महिला पुलिसकर्मियों ने भी छात्राओं के इस प्रेम और सम्मान के लिए धन्यवाद दिया. कार्यक्रम के अंत में पुलिसकर्मियों ने छात्राओं को उपहार स्वरूप स्टेशनरी सामग्री प्रदान की.

# शराब पीकर स्कूल जाने वाला शिक्षक निलंबित

### बच्चियों से अश्लील हरकतों के भी लग चुके आरोप

- जांच में दोषी पाए गए स्कूल प्रभारी बृजलाल सल्लाम
- जांच प्रतिवेदन पर डीईओ ने किए आदेश जारी

**नवभारत खबर का असर**

**सिलवानी. 12 अगस्त.** मंगलवार को नव भारत द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला उचेरा के शाला प्रभारी शिक्षक बृजलाल द्वारा बच्चियों से अश्लील हरकत और शराब का सेवन कर स्कूल आने को लेकर खबर प्रमुखता से प्रकाशित की गई थी. आदिवासी बाहुल्य विकासखंड सिलवानी के जन शिक्षा केंद्र कीरतपुर अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला उचेरा के शाला प्रभारी शिक्षक बृजलाल सल्लाम को निलंबित कर दिया. जिला शिक्षा अधिकारी ने बुधवार को जनपद शिक्षा केन्द्र सिलवानी से आये जांच प्रतिवेदन के आधार पर यह कार्रवाई की है .

रायसेन कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारी डीडी रजक को स्कूल जांच के निर्देश दिए थे. जांच में पाया गया कि शिक्षक बृजलाल सल्लाम स्कूल शाला समय में शराब पीकर आते हैं, स्कूल संचालन में लापरवाही बरतते हैं और स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों में भी दिए गए निर्देशों की अनदेखी की. ग्रामीणों और अभिभावकों का आरोप है कि शिक्षक बीते दो वर्षों से स्कूल में पढ़ने वाली मासूम बच्चियों के साथ अश्लील हरकतें कर रहा है.

> परिजनों के अनुसार, वह अक्सर नशे में मोबाइल पर अश्लील गाने चलाकर बच्चियों को नचाता है . कलेक्टर द्वारा कराई गई जांच रिपोर्ट में शिक्षक के खिलाफ आरोप सही पाए जाने पर शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर मुख्यालय सिलवानी विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिलवानी नियत किया गया है .




# तिरंगामय हुआ शहर . . . हर घर तिरंगा फहराने का दिया संदेश

**सिलवानी, 13 अगस्त. नगर में बुधवार को प्रशासन द्वारा हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता को लेकर तिरंगा यात्रा निकाली. जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासी और स्कूल विद्यार्थी शामिल हुए.**

स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान का संचालन जिलेभर में किया जा रहा है. अभियान के तहत तिरंगा रैली का आयोजन सीएम राइज स्कूल से शहीद स्तंभ तक किया गया. तिरंगा रैली में भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, नगर परिषद अध्यक्ष रेशु नायक, भाजपा नेता विभोर नायक, थाना प्रभारी पूनम सविता, बीईओ रानी अहिरवार, सीईओ नीलम रायकवार सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी, स्कूली छात्र-छात्राओं समेत नगर के लोग शामिल हुए. तिरंगा यात्रा में शामिल लोग देशभक्ति के गीतों और भारत माता की जय के नारे लगाते हुए चल रहे थे. तिरंगा यात्रा का समापन तहसील प्रांगण में किया गया. समापन अवसर पर उपस्थित लोगों को स्वच्छ शपथ दिलाई.

# बैडमिंटन प्रतियोगिता में सिलवानी बना चैंपियन

**सिलवानी, 13 अगस्त. स्व. अटल बिहारी वाजपेई स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में आयोजित जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में अंडर 14 बालक एवं बालिका वर्ग में सिलवानी विजेता रहा.**

अंडर 17 बालक बालिका वर्ग में भी सिलवानी चैंपियन बना. अंदर-19 बालक वर्ग में रायसेन विजेता रहा. अंडर-19 बालिका वर्ग में बेगमगंज विजेता रहा. प्रतियोगिता का शुभारंभ भाजपा मंडल अध्यक्ष श्याम साहू, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रानी अहिरवार, पार्षद प्रदीप कुशवाहा, गुड्डू भाई, प्राचार्य एमपी शिल्पी द्वारा किया गया. प्रतियोगिता में रायसेन, बेगमगंज, गैरतगंज, बाड़ी, औबेदुल्लागंज एवं सिलवानी के खिलाड़ियों ने भाग लिया.

# दिव्य रथ पर सवार होकर निकलेंगे भगवान श्रीकृष्ण

- श्रीकृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम को लेकर तैयारियां शुरू
- एक हजार लीटर दही बटेगा, मटकी फोड़ प्रतियोगिता




**बेगमगंज, 13 अगस्त. भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर यादव महासभा द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम के साथ जन्माष्टमी का कार्यक्रम नगर के दशहरा मैदान मै मनाया जाएगा.**

यादव समाज द्वारा सुबह नौ बजे नगर के दशहरा मैदान से विशाल शोभा यात्रा निकाली जायेगी जो नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई महाराणा प्रताप रोड,शिवालय चौक,पुराने बस स्टैंड से पुन: दशहरा मैदान संस्कृति भवन पहुंचेगी. जहां पर भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना उपरांत अतिथियों के स्वागत भाषण के बाद विशाल मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा जो आकर्षण का केंद्र रहेगा.

> वही कार्यक्रम में भोपाल से बुलाएं गए दिव्य रथ पर भगवान श्री कृष्ण विराजमान होकर निकलेंगे. वही उज्जैन सागर के बैंड दल,वृन्दावन,सागर के कलाकारों द्वारा भव्य प्रस्तुति दी जायेगी . खासकर इस वर्ष यादव समाज द्वारा 1000 लीटर से अधिक दही का प्रसादी के रूप में वितरण किया जायेगा . कार्यक्रम की भव्यता के लिए यादव समाज के पदाधिकारी गांव गांव जाकर सभी को आमंत्रित भी कर रहे है .



# साक्षरता के संबंध में बैठक

**नवभारत न्यूज**

**उदयपुरा, 13 अगस्त. जनपद शिक्षा केंद्र उदयपुरा में जिला सह समन्वयक डॉक्टर महमूद आलम द्वारा साक्षरता के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया.**

जिसमें ब्लॉक सह समन्वयक विनोद दुबे एवं रोहित शर्मा संकुल सह समन्वयक राजेंद्र लोधी, सुरेंद्र सिंह राजपूत, नीलेश श्रीवास्तव, केशव साहू, कमलेश रघुवंशी, रामलोचन रघुवंशी एवं विनोद मरकाम उपस्थित रहे एवं जिला समन्वयक द्वारा शासकीय हाई स्कूल उड़द मऊ का अवलोकन किया गया. शीघ्र 2011 की जनगणना अनुसार साक्षरता सर्वे के लिए नोडल अधिकारी को प्रोत्साहित किया गया.

# बारिश में दिखा देशभक्ति का रंग

- तिरंगा यात्रा का एसडीएम सौरभ मिश्रा ने किया नेतृत्व

**बेगमगंज, 13 अगस्त. बारिश में भींगते हुए एसडीएम सौरभ मिश्रा के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान को लेकर तिरंगा वाहन रैली निकली. राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत तिंरगा यात्रा भारत माता की जयकारे, झंडा ऊंचा रहे हमारा, जैसे गगनभेदी नारों से वातावरण गुंजायमान रहा.**

अमर शहीदों के सम्मान में तहसीलदार प्रमोद उइके, टीआई राजीव उइके सहित समस्त पटवारी, राजस्व कर्मचारी, पुलिसकर्मी, कोटवार, चौकीदार एवं अन्य कर्मचारी बाइक रैली में शामिल हुए. यह रैली तहसील प्रांगण से प्रारंभ होकर नगर के सभी मुख्य मार्गो से नया बस स्टैंड, महाराणा प्रताप रोड़, शिवालय चौक, गांधी बाजार, कबीट चौराहा, बजरिया, माला फाटक, काजी मोहल्ला, पक्का फाटक, सागर रोड़, पुराना बस स्टैंड इत्यादि प्रमुख मार्गों पर से होते हुए 10 किमी लंबी रैली वापिस एसडीएम कार्यालय पहुंची.



भारत माता के जयकारों के बाद एसडीएम शौरभ मिश्रा ने राष्ट्रगान के बाद समापन कराया.

**लापरवाही** आए दिन होते रहते हैं हादसे, नहीं है सुरक्षा के उचित इंतजाम

# हादसा : बालमपुर घाटी पर ट्रक 10 फीट गहरी खाई में पलटा

- ड्रायवर क्लीनर ने कूंदकर बचाई अपनी जान



**नवभारत न्यूज़**

**सलामतपुर, 13 अगस्त. भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर स्थित बालमपुर घाटी में बुधवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया. सागर से इंदौर जा रहा एमपी15 एचए 0297 ट्रक ब्रेक फेल होने से अचानक रिवर्स होकर करीब 10 फीट गहरी खाई में पलट गया.**

ट्रक चालक और क्लीनर ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचा ली. हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन ट्रक को भारी नुकसान पहुंचा है. बालमपुर घाटी पर आए दिन ऐसे हादसे होते हैं, जिससे स्थानीय लोग लगातार सुरक्षा इंतज़ाम बढ़ाने की मांग कर रहे हैं. भोपाल-विदिशा स्टेट हाइवे 18 की बालमपुर घाटी पर सप्ताह में एक-दो हादसे हो रहे हैं जिसमें कई वाहन चालक जान गवां चुके हैं. फिर भी बालमपुर घाटी पर ज़िम्मेदार अधिकारियों द्वारा दुर्घटनाएं रोकने के लिए कोई सुरक्षित उपाय नहीं किये जा रहे हैं. कुछ माह पहले एमपीआरडीसी ने टूटी हुई रेलिंग की जगह सीमेंट की बोरियां भरकर उसमें रेडियम लगवाए थे, लेकिन यह बोरियां भी 1 महीने के अंदर ही छतिग्रस्त होकर नीचे गिर गई थी.

क्योंकि कुछ समय पूर्व बालमपुर की घाटी पर लोहे की रेलिंग भी लगाई गई थी. जो आए दिन दुर्घटनाओं के कारण बार-बार टूट रही थी. जिसकी वजह से वाहन आए दिन हादसों का शिकार होकर खाई में गिर रहे थे. हादसों को रोकने के लिए हीं टूटी हुई रेलिंग की जगह पर सीमेंट की बोरिया भर कर रखी गई थीं. इनमें रेडियम पट्टी भी चिपकाई गई थी, लेकिन यह उपाय भी काम ना आया. एमपीआरडीसी ने घाटी पर सड़क भी चौड़ी करने के साथ ही नई रैलिंग भी लगा दी है. फिर भी हादसे रुकने का नाम ही नहीं ले रहे हैं.

> स्टेट हाइवे 18 पर यातायात का अत्यधिक दवाब रहता है . घाटी पर अंधा मोड़ है . यहां कोई भी संकेतक बोर्ड नहीं लगाए हैं . इस हाइवे को 4 लाईन किया जाए . लोग अब इसे खूनी सड़क भी कहने लगे हैं .
>
> **रघुवीर सिंह मीणा,** सरपंच रातातलाई
>
> मैं बाइक से भोपाल अपडाउन करता हूं . अब सफर करने में डर लगने लगा है . सड़क पर वाहन अंधी रफ्तार से दौड़ रहे हैं . ज़िम्मेदार एमपीआरडीसी व पुलिस विभाग को इन पर अंकुश लगाना चाहिए .
>
> **साजिद खान,** स्थानीय निवासी सलामतपुर



## तूफान कार अनियंत्रित होकर पलटी, चालक घायल

**सिलवानी.** बुधवार को स्टेट हाईवे-15 सिलवानी-सागर मार्ग पर सियरमऊ रोड स्थित सुल्तानपुर जोड़ के पास एक तूफान कार अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई. हादसे में चालक को मामूली चोटें आईं, जिसका उपचार सिलवानी सिविल अस्पताल में किया गया. गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ.



# पेंशनर्स ने मांगी महंगाई भत्ते की राशि

**बेगमगंज, 13 अगस्त. पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा अपनी पांच सूत्री मांगों को एक ज्ञापन प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम सौरव मिश्रा को देकर सरकार से मांग की है कि यथाशीघ्र उनकी मांगों को पूर्ण किया जाए.**

संगठन के अध्यक्ष ऋषिराज शर्मा के नेतृत्व में सभी विभागीय पेंशनर्स कर्मचारियों ने एसडीएम सौरभ मिश्रा को देते हुए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री मांग की गई है कि पेंशनर्स को 2 प्रतिशत शेष महंगाई भत्ते की राशि तत्काल प्रदान की जाए.

केंद्र की महंगाई भत्ते की स्वीकृति के बाद मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ के बीच धारा 46/6 को समाप्त कर मध्य प्रदेश की सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बिना रुकावट तत्काल दिया जाए.